(b) The high yielding varieties have been extensively used in the firstline demonstrations and have been adopted by the farmers on a large scale.

देश में भूकंप के कारण हुई हानि

4081. **कुमारी सुशीला तिरिया :** क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) किन-किन राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में 20 अक्तूबर, 1991 को और उसके बाद भूकम्प के झटके महसूस किये गये थे ;

(ख) इन झटकों के कारण संपत्ति, फसल तथा पशुधन को अनुमानत: कितनी हानि हुई ;

(ग) प्रत्येक राज्य/संघ राज्य क्षेत्र में कितने लोग मारे गये, कितने घायल हुए और कितने बेघर हो गए ;

(घ) प्रत्येक प्रभावित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र द्वारा केन्द्र से कितनी सहायता की मांग की गई और वास्तव में उन्हें कितनी धनराशि दी गई ;

(ङ) केन्द्रीय दलों ने इस संबंध में किन-किन राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों का दौरा किया ;

(च) केन्द्रीय दलों द्वारा प्रस्तुत की गई रिपोर्टों पर सरकार द्वारा क्या अनुवर्ती कार्यवाही की गई है ;

(छ) भूकम्प पीड़ितों को राहत पहुंचाने के लिए अन्य स्रोतों से कुल कितनी सहायता प्राप्त हुई है; और

(ज) विभिन्न स्वैच्छिक संगठनों तथा सरकार द्वारा राहत के संबंध में क्या उपाय किये गये हैं।

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुल्लापल्ली रामचन्द्रन) : (क) से (ग) अक्तूबर, 1991 के भूकम्प से उत्तर प्रदेश के गढ़वाल क्षेत्र में काफी हानि हुई। हिमाचल प्रदेश सरकार ने भी कुछ छोटी-मोटी हानि की सूचना दी है। पंजाब, हरियाणा, जम्मू व काश्मीर तथा दिल्ली संघ शासित क्षेत्र जहां इस भूकम्प के झटके महसूस किए गए थे, किसी क्षति की सूचना नहीं दी है। अक्तूबर, 1991 के भूकम्प के कारण उत्तर प्रदेश और हिमाचल प्रदेश राज्य सरकारों द्वारा सूचित की गई क्षति का ब्यौरा अनुबंध में है। (देखिए परिशिष्ट 162, अनुपत्र संख्या 8) 20.10.91 के बाद भारत में महसूस किए गए भूकम्प का ब्यौरा अनुबंध में दिया गया है। इन भूस्पंद से किसी क्षति की सूचना नहीं मिली है। [देखिए परिशिष्ट 162, अनुपत्र संख्या 82]

(घ) से (च) उत्तर प्रदेश सरकार ने राहत और पुनर्वास उपायों के लिए 152.00 करोड़ रुपये की केन्द्रीय सहायता की मांग करते हुए एक ज्ञापन प्रस्तुत किया है। राहत उपायों के लिए अतिरिक्त सहायता की आवश्यकता का मूल्यांकन करने के लिए एक केन्द्रीय दल शीघ्र ही प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करेगा।

(छ) और (ज) गैर-सरकारी एजेंसियां भारतीय रेडक्रास सोसाइटी, उत्तर प्रदेश सरकार तथा अपने चैनलों से राहत सामग्री भेज रही हैं। भूकम्प पीड़ितों के राहत के लिए विभिन्न स्रोतों से दी जा रही सहायता के ब्यौरे एक स्थान पर उपलब्ध नहीं है।

Direct and indirect subsidy to farmers

4082. SHRI PRABHAKAR B. KORE:
PROF. I. G. SANADI:

Will the Minister of AGRICULTURE be pleased to state:

(a) what was the quantum of subsidies, both direct and indirect in the sale of pesticides, fertilizers, support prices for foodgcains, energy supply, water supply for agriculture in the year 1960, 1970, 1980 and 1990;